प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

सिविल सेवा दिवस

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं और नीतियों को लागू करने में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नई दिल्ली में आज सिविल सेवा दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि योजनाएं भले राजधानी दिल्ली में बनाई जाएं लेकिन दूरदराज के गांवों में सार्थक परिणाम तभी मिलते हैं जब उन्हें सही मायने में लागू किया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल को अखिल भारतीय सेवाओं का सूत्रधार बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरदार पटेल ने सेवा और एकता की भावना से राष्ट्र को एकजुट किया। सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि आज का भारत बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर गौरवपूर्ण स्थान रखता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िला के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। इनमें सथाना में पुल की आधारशिला भी शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पुल संसारपुर टैरेस और सथाना के बीच संपर्क को सुदृढ़ करेगा और क्षेत्र में आवागम न को अधिक सुगम बनाएगा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी व श्री नैना देवी में अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए बजट में करोड़ों रूपये का प्रावधान किया गया है।

चुनाव ऐलान

प्रदेश में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं और नगर निकाय चुनाव की घोषणा आज हो सकती है और चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही आदर्श चुनाव आचार संहिता भी लागू हो जाएगी। इसको लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची आज दोपहर बाद साढ़े 3 बजे राज्य सचिवालय शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 57 पंचायतों और 54 नगर निकायों में चुनाव होने हैं।

सीबीएसई स्कूल

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने और बेहतर शिक्षा मुहैया करवाने के लिए सी.बी.एस.ई. पाठ्‌यक्रम शुरू किया गया है। इस योजना को प्रदेशभर में सराहना मिली है और स्कूलों में दाखिला भी बढ़ा है। मंडी जिले में भी 23 स्कूलों में अब तक 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता....

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में सीबीएसई शिक्षा शुरू करने की पहल के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। मंडी जिले के 23 सरकारी स्कूलों में प्रारंभ की गई सीबीएसई कक्षाओं में अब तक 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। जोगिंदरनगर और करसोग में प्रवेश संख्या एक हजार के पार पहुंच चुकी है, जबकि बाल वाटिका से लेकर जमा दो तक दाखिले निरंतर जारी हैं। अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूलों की ऊंची फीस से राहत मिली है और अब सरकारी स्कूलों में ही गुणवत्तापूर्ण व सुलभ शिक्षा उपलब्ध हो रही है। विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। अधिकारियों के अनुसार 30 अप्रैल तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सेक्शन भी बनाए जाएंगे। स्पष्ट है कि सुक्खू सरकार की यह पहल सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का संकेत दे रही है।

दृष्टिहीन

राज्य दृष्टिहीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सचिवालय शिमला में आज राज्य सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन और चक्का जाम किया। दृष्टिहीन जन संगठन के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि वे पिछले 9 सौ 18 दिनों से बैकलॉग भर्ती की मांग को लेकर लगातार धरना दे रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने सरकार पर दृष्टिहीन संगठन की अनदेखी का आरोप लगाया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अप्रैल को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह एक सौ 33वीं कड़ी होगी।

——————————————————————